वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

INSTITUTE OF FOREST BIODIVERSITY

हिंदी शिक्षण योजना

वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद में दिनांक 10 से 12 अगस्त 2021 तक संस्थान के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण का आयोजन हिंदी शिक्षण योजना के सौजन्य द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के कर्मचारियों को हिंदी में कार्यसाधक बनाने के लिए किया गया। डॉ. पंकज सिंह, वैज्ञानिक – सी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया। प्रशिक्षण के पहले दिन शुरआत में निदेशक महोदय ने संस्थान का प्रशिक्षण हेतु आवेदन स्वीकार करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने संस्थान आने, श्रीमती सुरभि, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, सिकंदराबाद धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री. प्रवीण एच. चौहान, वैज्ञानिक – जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण के शुरुआत में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपना परिचय हिंदी में दिया। श्रीमती सुरभि जी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होने कर्मचारियों को अपनी वर्तनी सुधरने पर कुछ सुझाव दिए, और पत्र लेखन में इस्तेमाल होने वाली की बारिकियों का महत्व भी समझाया। उन्होंने कर्मचारियों के हित में राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा चल रहे प्रशिक्षणों के बारे में भी अवगत कराया।

प्रशिक्षण के दुसरे और तीसरे दिन डॉ. रविचन्द्र राव, प्रोफेसर, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, सिकंदराबाद ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को राजभाषा का परिचय दिया, राजभाषा हिंदी का कालक्रम समझाते हुए बताया कि कैसे हिंदी राजभाषा का वर्तमान दिशानिदेश एवं अधिनियम तय किये गए। हिंदी में काम करते समय आने वाली चुनौतियाँ, राजभाषा क्या है, राजभाषा के लिए नियम/विनियम/दिशानिर्देश क्या हैं?, राजभाषा नीति, संविधान में प्रावधान, मान्यता प्राप्त भाषाएं, राजभाषा पर जोर देने के कारण, यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है, शासन में राजभाषा के लाभ एवं आदि विषयों पर जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में आगे बढते हुए महोदय ने संस्थान के कर्मचारियों को टिपण्णी एवं आलेखन में होने वाली छोटी छोटी गलतियाँ एवं उन्हें सुधारने के नुस्खे भी बताये। उन्होंने कार्यालयीन भाषा के स्वरुप पर भी चर्चा की और सभी प्रतिभागियों को बताया कार्यालय में भाषा का प्रयोग कैसे करते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में संस्थान के निदेशक महोदय, डॉ. रत्नाकर जौहरी, भा. व. से. ने प्रशिक्षण में भाग लिए कर्मचारियों से उनकी प्रतिक्रिया मांगी। सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रतिपुष्टि दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 05 अधिकारी एवं 11 कर्मचारियों ने भाग लिया। अंत में डॉ. पंकज सिंह, वैज्ञानिक – सी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

श्रीमती सुरभि, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, सिकंदराबाद, हिंदी प्रशिक्षण देते हुए।



डॉ. रविचन्द्र राव, हिंदी प्रोफेसर, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, सिकंदराबाद, हिंदी प्रशिक्षण देते हुए।



निदेशक

निर्देशक व.जै.सं., [illegible]बाद.

Director, I.F.B., Hydeabad.